राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से लोग मिले

जयपुर, 05 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में लोगों ने मुलाकात की। राज्यपाल से आयकर विभाग की राजस्थान की प्रमुख आयुक्त श्रीमती उमा सिंह ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष श्री बी.एल. जाटावत और एनसीसी के निदेशक कर्नल पी एस राठौड़ ने भेंट की।

राज्यपाल से पूर्व सांसद श्री जसवंत विश्नाई, पूर्व मंत्री श्री अरूण चतुर्वेदी, पूर्व विधायक श्री धर्मपाल सिंह, अखिल भारतीय विधि प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष मेजर जनरल नीलेन्द्र कुमार और राजस्थान विश्वविद्यालय के विधि विभाग के छात्रसंघ अध्यक्ष श्री केशव मिश्रा भी मिले।

राज्यपाल श्री मिश्र को डॉ. मेघना शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाशित पुस्तकें, स्माइल स्प्रेडस ग्रुप के श्री रवि शर्मा ने स्मारिका, सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने रामचरित मानस भेंट की और पं. रामकृपालु शर्मा ने पांडुलिपियों के बारे में जानकारी दी।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान